देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 61 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...हौसलों की उड़ान



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 31 मई 2020



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0°

32424.10

2 डब्ल्यूएचओ पर अमेरिका का एक्शन

7 कोहली ने तोड़े कमाई से सारे रिकॉर्ड

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में कोरोना की रफ्तार तेज, 24 घंटे में 265 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में लगातार तेजी आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार अब तक 1,73,763 लोग कोविड–19 से प्रभावित हुए हैं जबकि 82,370 लोग इस जानलेवा बीमारी से ठीक होकर घर जा चुके हैं। कोरोना के कारण 4,971 लोगों की मौत भी हुई है। पिछले 24 घंटे में 7,964 नए केस जबकि 265 लोगों की हुई है मौत।

### पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा: रक्षामंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए निकट भविष्य में उस पर देश के नियंत्रण की संभावना से इनकार नहीं किया है। रक्षा मंत्री ने शनिवार को एक निजी न्यूज चौनल के साथ बातचीत में दो टूक कहा है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा है। भारत के अल्पसंख्यकों को पाक द्वारा भड़काने को लेकर उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश को इससे बाज आना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा, किसी संभावना को नकारा नहीं जा सकता। कब क्या होगा, कहा नहीं जा सकता।

### राहुल गांधी की उनके मुख्यमंत्री ही नहीं सुनते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर न्यायपालिका पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए साफ किया है कि चुनाव में बार–बार हारे लोग इस तरह से राजनीति को नियंत्रित नहीं कर सकते। लॉकडाउन पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सवाल उठाने पर प्रसाद ने कहा कि उनकी तो उनके मुख्यमंत्री ही नहीं सुनते। इसका यही मतलब है कि उनकी बात में या तो कोई वजन नहीं है या उनकी बातों को उनके मुख्यमंत्री गंभीरता से नहीं लेते।

# बाजार चार बजे तक ही खोलेंगें व्यापारी

## लॉकडाउन पर सख्त कदम उठाये सरकार

### जिला प्रशासन को आदेशित करें सरकार

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाजार को चार बजे तक ही खोलने का निर्णय लिया है और कहा कि सात बजे तक किसी भी दशा में बाजार को खुलने नहीं दिया जायेगा और इसके लिए जिलाधिकारी को पत्र भी लिखा गया है।

समयावधि बढ़ाने से कोरोना वायरस कोविड 19 से नुकसान होने की संभावना है और बल्कि समय को जितना कम किया जाये वह उचित है। उनका कहना है कि लग ही नहीं रहा है कि यहां पर लॉकडाउन है आवागमन पूर्व की भांति हो रहा है। जानकारी देते हुए दून उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बाजार को चार बजे तक ही खोला जायेगा और सात बजे तक बाजार को नहीं खोला जायेगा ओर यहां घंटाघर पर टीवी चैनलों में दी गई बाईट में उन्होंने कहा कि सरकार को अपने निर्णय में परिवर्तन करना होगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी चार बजे से भी कम समय पर बाजार खोलने को तैयार है।

आज हमें इस कोरोना वायरस कोविड 19 से मुक्ति पाने के लिए लॉकडाउन की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करना है और सरकार इसके लिए जिला प्रशासन को आदेशित करें। व्यापारियों ने एकजुटता से निर्णय लिया है कि बाजार को चार बजे से पूर्व ही बंद कर दिया जायेगा। बाजारौं को प्रातः सात बजे से लेकर सांय सात बजे तक नियमित रूप से खुलने का फैसला उतराखण्ड सरकार द्वारा लिया गया है और इस निर्णय से देहरादून के व्यापारियों में भारी दुख व रोष व्याप्त है चूंकि जिस प्रकार से पूरे देहरादून ही नहीं अपितु पूरे उत्तराखण्ड में कोरोना के मरीजों की संख्या दिनो दिन मिल रही है उससे सम्पूर्ण व्यापारी जगत के साथ–साथ आम जनमानस में भारी भय की स्थिति भी है।

### उत्तराखंड में कुछ जिलों के जोन का बदल सकता रंग!



विभिन्न राज्यों से प्रवासियों की बड़ी संख्या में वापसी के साथ ही इनमें कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब उत्तराखंड में कुछ जिलों के जोन का रंग बदल सकता है। अब कुछ रेड जोन में आ सकते हैं। वर्तमान में राज्य के सभी 13 जिले ऑरेंज जोन में हैं। रविवार अथवा सोमवार को जिलों के नए जोन का निर्धारण होगा। उधर, अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिशों के क्रम में सरकार ने पर्यटन, तीर्थाटन, मॉल, सिनेमाहाल को लेकर केंद्र सरकार से अनुमति मांगी है। बता दें कि नैनीताल, देहरादून, टिहरी, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, अल्मोड़ा जिलों में कोरोना के मामले अधिक सामने आए हैं।

### बाजार खुलने का समय भी कम किया जा सकता

बाजार खुलने का समय भी कम किया जा सकता है और इसके लिए पूरी तरह से व्यापारी तैयार है और सरकार को इस ओर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। वहीं दूसरी ओर अन्य व्यापारियों ने बाजारों को चार बजे तक खोलने की बात कही है।

# मुख्य सचिव ने कोरोना टेस्ट बढ़ाने के दिए निर्देश

## कान्टेक्ट ट्रेसिंग और पेशेंट केयर मेनेजमेंट पर विशेष ध्यान

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पिछले दिनों में कोराना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उत्तराखण्ड में अभी तक सामुदायिक संक्रमण नहीं हुआ है। जितने भी केस आ रहे हैं, उनकी कोई ट्रेवल हिस्ट्री है या कान्टेक्ट के केस हैं। ये सभी पहले से निगरानी में चल रहे थे। अभी कुछ दिन और कुल मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है परंतु 10–15 दिनों में एक्टीव केस की संख्या में कमी आने लगेगी। हमारी डबलिंग रेट में पिछले तीन दिन में कुछ सुधार हुआ है। प्रदेश में पॉजिटिवीटी रेट, राष्ट्रीय औसत से कम है। हमारे यहां कोरोना संक्रमण में मृत्यु दर 1 प्रतिशत से कम है जबकि भारत का औसत लगभग 2.8 प्रतिशत है। पेंशेंट केयर मेनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कान्टेक्ट ट्रेसिंग को भी प्रमुखता दी जा रही है। प्रदेश में 31 कंटेन्मेंट जोन बनाए गए हैं, जहां बहुत सख्त व्यवस्था लागू है।

मुख्य सचिव ने कहा कि कोरोना टेस्ट की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पहले सप्ताह में प्रति दिन सेम्पल का औसत 01 था जबकि 16 वें सप्ताह में यह औसत बढ़कर 834 हो गया है। यह जल्द ही 1000 प्रति दिन हो जाएगा। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में सभी जिलों में मनरेगा के काम चल रहे हैं। 18 हजार से अधिक मनरेगा के कार्यों में 2 लाख 44 हजार श्रमिक लगे है।

### 11 नए ग्रोथ सेंटर स्वीकृत

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। ऐसे ही एक निर्णय किया गया है कि आराकोट में मंडी परिषद के माध्यम से सेब का सोर्टिंग व ग्रेडिंग सेंटर बनाया जाएगा। इससे हमारे सेब के उत्पादकों को अच्छी कीमत मिलेगी। प्रदेश में पहले से 83 ग्रोथ सेंटर स्थापित हैं। हाल ही में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 11 नए ग्रोथ सेंटर को मंजूरी दी गई है।

## कोरोना की जंग जीतेंगे अर्थव्यवस्था भी उबरेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दिल्ली। नरेंद्र मोदी 2.0 के एक साल पूरा होने पर पीएम मोदी ने देशावासियों के नाम चिट्ठी लिखी है। पीएम ने अपनी चिट्ठी में कोरोना वायरस से लेकर अर्थव्यवस्था का जिक्र किया है। पीएम ने भरोसा जताया है कि देश कोरोना संकट से निकल आएगा। उन्होंने लोगों से अपील की इस आपदा से निकलने के लिए धैर्य बनाए रखने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि कोरोना की मार से देश की अर्थव्यवस्था भी उबर जाएगी।

कोरोना के खिलाफ भारत की जंग का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा, जहां एक ओर बड़े आर्थिक संसाधन और कुशल हेल्थकेयर सिस्टम वाली ताकतें थीं, वहीं दूसरी ओर हमारे देश में दूसरी समस्याओं के साथ बड़ी आबादी और सीमित संसाधन की मुश्किल थी। बहुत से लोगों को डर था कि कोरोना की चपेट में आने के बाद भारत दुनिया के लिए एक समस्या बन जाएगा। लेकिन आपने दुनिया की उस सोच को बदल दिया।

## लॉकडाउन 5 बिल्कुल साधारण होगा: जावेडकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■केवल कुछ इलाकों में होगी पाबंदियां

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए देशभर में लॉकडाउन की घोषणा की गई थी। तब से लेकर अब तक चार बार लॉकडाउन को बढ़ाया जा चुका है। 31 मई को लॉकडाउन 4 की अवधि भी समाप्त हो रही हैं ऐसे में लोग कयास लगा रहे हैं कि अब क्या ये लॉकडाउन आगे बढ़ेगा या नहीं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावेड़कर ने लॉकडाउन 5.0 के बारे में कुछ अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अब ये लॉकडाउन काफी हद तक कम हो जाएगा। यानी कि लोगों से कई तरह की पाबंदियां हटा ली जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लॉकडाउन 5.0 बिल्कुल साधारण होगा। इसमें कुछ ही इलाकों में पाबंदियां लगाई जाएंगी। बाकी जन जीवन को खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि ये समय हमेशा ऐसा ही चलेगा। लोगों को काफी हद तक छूट दे दी गई है और अब उम्मीद है कि सामान्य जीवन होगा।

केंद्र एक नई गाइडलाइंस पर काम कर रही है, जिसके तहत 1 जून से देश के ज्यादातर हिस्सों से लॉकडाउन की पाबंदियां खत्म कर दी जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि 13 शहरों को छोड़कर बाकी सभी हिस्सों से पाबंदियों को हटाया जा सकता है। होटलों, मॉल्स और रेस्ट्रॉन्ट्स को भी 1 जून से खोलने की इजाजत दी जा सकती है।

## कुलगाम में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### कुलगाम में पांच दिनों के अंदर यह दूसरा ऑपरेशन

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। वानपोरा इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने यहां कार्रवाई शुरू की। सुरक्षाबलों ने घाटी में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस की जॉइंट टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। ढेर किए गए आतंकवादियों के पास से हथियार बरामद कर लिया गया है। कुलगाम में पांच दिनों के अंदर यह दूसरा ऑपरेशन है। इससे पहले मंजगाम इलाके में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में दो आतंकवादियों को मार गिराया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के इस जिले के वानपुरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके की घेराबंदी की गई और तलाश अभियान चलाया गया।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in